## एक नजर में

### आवारा मवेशी बने फसलों पर आफत

**पड़ाना 14 जुलाई, सं.** अबकी बार खरीफ की फसल को लेकर किसान ज्यादा चिंतित नजर आ रहा है. हाल ही में बोई गई सोयाबीन, मक्का, उड़द, मूंगफली इत्यादि फसल में एक ओर जहां मौसम साथ नहीं दे रहा है वहीं दूसरी ओर आवारा मवेशी खेतों में फसलों को बर्बाद कर रहे है. अंचल में समीप के वन्य क्षेत्र से बड़ी संख्या में हिरण, रोजड़ा, बारासिंघा और जंगली सूअर के साथ-साथ आवारा मवेशियों ने आसपास के 8 से 10 गांव के किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचना शुरू कर दिया है. किसान राजेश डाबरा, बलदेव सिंह परमार, रमेश पुष्पद, अशोक पटेल ,पप्पू विश्वकर्मा गोपाल प्रसाद,ओम गुप्ता,रमेश गुर्जर, जगदीश दरबार, अनोखी खाती, राजेश रावला, दिनेश परमार, बद्री मामा, राजाराम गुर्जर, समद अंसारी,जफर भाई, विक्रम सिंह राजपूत, संतोष राजपूत, जगदीश सूर्यवंशी, मांगीलाल शर्मा, लाड़ सिंह राजपूत आदि किसानों ने बताया कि जंगल से जानवरों का गांव की तरफ रुख बढ़ रहा है. किसानों ने कलेक्टर से मांग की है कि प्रभावित गांवों में फसलों के नुकसान का तुरंत आकलन किया जाये.

### जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण किया

**सुठालिया 14 जुलाई, सं.** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुठालिया में राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार के जन्मदिन के अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चौहान, भाजपा नेता अशोक अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश पालीवाल, संजय पालीवाल, पदम सिंह लोधी, पार्षद ओम प्रकाश पालीवाल, भागीरथ धनगर, होकमचंद्र सिलावट, भगवान सिंह सोंधिया, मुकेश नामदेव सहित संकुल प्राचार्य दिनेश कुमार धनगर ने पौधारोपण किया. इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रहे.

### विशेष कैंप 16 और 17 जुलाई को

**राजगढ़ 14 जुलाई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार आईएफएमआईएस साफ्टवेयर के उपयोग में आने वाली तकनीकी समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं आहरण संवितरण अधिकारियों को समाधान से अवगत कराने के उद्देश्य से कोषालय स्तर पर आईएफएमआईएस केयर्स कैम्प का आयोजन 16 एवं 17 को किया जाएगा. समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी, आपके कार्यालय की आईएफएमआईएस साफ्टवेयर की पूर्व से प्रचलित व नवीन समस्याओं की सूची तैयार कर जिला कोषालय में 15 जुलाई को पंजीकृत कराया जाना सुनिश्चित करें. कैंप के दौरान प्रतिदिन की रिपोर्ट निर्धारित बिंदुओं के साथ जिला कोषालय अधिकारी कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें.

### दस्तक अभियान की शुरूआत

**ब्यावरा 14 जुलाई, का.** सिविल अस्पताल में आज दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह के द्वारा बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर किया गया. संस्था प्रभारी डॉ सोरेन दत्ता ने बताया कि यह यह अभियान 14 जुलाई से 31 अगस्त चलेगा जिसमें ए एन एम ,आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर घर जाकर 0से 5 वर्ष के बच्चों में कुपोषण, डायरिया, निमोनिया और अन्य बीमारियों का पता लगाकर आवश्यक उपचार करेंगी.

डैम का ड्रोन व्यू



# पार्वती डैम : 2027 के अंत तक 50 हजार हैक्टेयर में सिंचाई का लक्ष्य

**ब्यावरा 14 जुलाई, का.** पार्वती नदी पर बन रहा लगभग 25.50 मीटर ऊंचा, लगभग 4 किलोमीटर लंबा तथा 20 रेडियल गेटयुक्त कंपोजिट बांध 2027 में शुरू हो जाएगा. इसका कार्य काफी गति से चल रहा है. साथ ही जून और जुलाई में बारिश नहीं होने से दो महीने अतिरिक्त निर्माण एजेंसी को अपने वर्षापूर्व बचे काम करने के लिए मिल गए. निर्मित किया जा रहा है. बांध की सकल जल भंडारण क्षमता 201.35 मिलियन घनमीटर तथा लाइव स्टोरेज क्षमता 183.70 एमसीएम होगी. इसके साथ दो अत्याधुनिक पंप हाउसों का निर्माण कर प्रेशराइज्ड पाइपलाइन आधारित आधुनिक सिंचाई प्रणाली विकसित की जा रही है, जिससे लगभग 49 हजार 800 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी.2018 में इस परियोजना को 1,375.24 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी.

**50 हजार हैक्टेयर जमीन पर होगी सिंचाई-** परियोजना से 174 ग्रामों को प्रत्यक्ष सिंचाई लाभ मिलेगा, जिनमें सुठालिया तहसील के 73, ब्यावरा तहसील के 71 तथा नरसिंहगढ़ तहसील के 30 ग्राम शामिल हैं. ग्राम मऊ एवं कानरखेड़ी स्थित पंप हाउसों से क्रमशः 21 हजार 77 हेक्टेयर एवं 28 हजार 723 हेक्टेयर क्षेत्र में पाइपलाइन आधारित सिंचाई व्यवस्था विकसित की जा रही है. परियोजना की वर्तमान प्रगति की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि मुख्य बांध का लगभग 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है. प्रभावित क्षेत्रों में राजगढ़ जिले के 34, गुना जिले के 8, भोपाल जिले के 18 तथा सीहोर जिले के 3 ग्रामों में लगभग 90 प्रतिशत भू-अर्जन कार्य पूर्ण किया जा चुका है. परियोजना से प्रभावित लगभग 1,675 परिवारों को पुनर्वास किया गया है.

# एक ग्रिड को लेकर परेशान 16 गांवों के लोग

## एक साल से कर रहे शिकायत, कम क्षमता का बिजली ग्रिड बन रहा गांवों में समस्या

**सिंचाई पंपों, सड़क की स्ट्रीट लाईट और पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 14 जुलाई, का. ग्रामीण अंचलों में एक ओर जहां वसूली और अंधेरे से ग्रामीण परेशान है वहीं दूसरी ओर ऐसे गांव भी है जहां बिजली कंपनी ने बकायदा ग्रिड तो बना दिए लेकिन ये सुविधा अब किसानों के लिए दुविधा बन रही है. कम क्षमता का बिजली ग्रिड किसानों की जरूरत पूरी नहीं कर पा रहा है. वहीं दूसरी ओर इसके मेंटिनेंस और बिलों की वसूली अतिरिक्त समस्या बन रही है. मामले को लेकर चाठा ग्रिड के अंतर्गत आने वाले 16 गांवों के किसानों ने कंपनी कार्यालय में जाकर शिकायती आवेदन सौंपा है.**



ग्राम चाटा व उसके आस पास स्थित गांवों में ग्रिड की व्यवस्था कर बिजली मुहैया करवाने के लिए चांटा सहित कीलखेड़ा, सिन्दुरिया, नारायणघटा, कुण्डीबे, बाजपुरा, मोया, चमारी, बंजारी आदि सहित करीब 16 गावों में पिछले 03-04 वर्षों से कम क्षमता का ग्रिड होने के कारण बिजली आपूर्ति नियमित और निर्बाध नहीं हो पा रही है. ग्राम चाठा समेत आस पास के 16 गांवों में रबी बोवनी के दौरान सिंचाई एवं घरेलू उपयोग के लिए बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रही है.

वहीं इस मामले में बिजली कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि लोड के अनुसार ग्रिड की क्षमता में परिवर्तन किया जाता है. किसानों के कनेक्शनों की संख्या में बड़ा इजाफा होने पर लोड की वृद्धि मानी जाती है. लेकिन फिर से किसानों की मांग पर विचार कर जो उचित होगा किया जाएगा.

**पिछले साल की शिकायत पर अब तक अमल नहीं**

ग्रामीणों ने बताया कि इस बारे में पिछले साल भी आवेदन बिजली कंपनी के अधिकारियों को दिया गया था. कंपनी की ओर से मामले में सुधार का आश्वासन दिया गया था. लेकिन वह आश्वासन अब तक पूरा नहीं हो पाया है.ग्रामीणों ने कहा है कि अंचल में एक और ग्रिड लगाने की बेहद आवश्यकता है. पूर्व की शिकायतों के बाद भी मामला संज्ञान में नहीं लिया गया है. ग्रामीणों ने ग्राम चाटा समेत अन्य गाँव में बिजली आपूर्ति हेतू ग्रिड की मांग पूरी करने की बात कही है. इस मौके पर जितेन्द्र सिंह, सहदेव सिंह, सूरज, पर्वत सिंह, सोर, मोतीलाल, नरेन्द्र आदि शामिल रहे.




# नरसिंहगढ़ उपजेल में बंद विचाराधीन कैदी की मौत

## दो दिनों से पेट संबंधी शिकायत से था परेशान

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 14 जुलाई, सं.** मंगलवार को उपजेल नरसिंहगढ में विचाराधीन एक बंदी की सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. जानकारी के अनुसार मृतक पर्वत सिंह पिता सिंघाजी उम्र 42 जाति भील निवासी बोरखेड़ी राघोगढ़ पिछले दो दिनों से पेट संबंधी बीमारी से पीड़ित था. तबीयत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी अस्पताल पहुंचे. जहां नियमानुसार मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया. इसके बाद शव परिजनों को सौंपने तथा मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई. फिलहाल मौत के स्पष्ट कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा. प्रशासन का कहना है कि रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# रथ में सवार होकर भ्रमण को निकले जगन्नाथजी



नवभारत न्यूज

**पड़ाना 14 जुलाई, सं. चंद्रवंशी खाती समाज द्वारा पुरी तर्ज पर भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई. ढोल-धमाके, आतिशबाजी, फूल-गुलाल और अबीर की बौछारों के बीच पूरा क्षेत्र जय जगन्नाथ के नारों से गूंज उठा. यात्रा शाम 5 बजे उज्जैन वाली माता मंदिर, साधनखेड़ी रोड से प्रारंभ हुई. मार्ग में एटीएम चौराहा, नानागोया, सदर बाजार, गांधी चौक, बस स्टैंड और पीपल चौराहा पर विभिन्न संगठनों ने आरती की.**

रथ यात्रा के दौरान अल्पसंख्यक वर्ग सहित नगर के विभिन्न धार्मिक संगठन व सामाजिक संगठनों पुष्प वर्षा कर रथ का स्वागत किया. यात्रा में पड़ाना के अलावा चितावद, गुलवाता, तुकूगंज, शेरपुर, मऊ, मगराना, खेड़ा और आशारेटा गांवों से सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए. यात्रा का समापन नरसिंह मंदिर, झिरी स्थान पर महाआरती के साथ हुआ. इसके बाद भगवान को केसरिया भात का भोग लगाकर समीप स्थित मेडतवाल धर्मशाला परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया. रथयात्रा में मातृशक्तियों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया.

### पुलिस और वन विभाग करेगा संयुक्त कार्यवाही

**राजगढ़ 14 जुलाई, का.** वन्य संपदाओं के संरक्षण को लेकर बैठक में वन अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाने, अवैध कटाई, अवैध अतिक्रमण तथा अवैध उत्खनन से संबंधित मामलों में अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में नियमित संयुक्त गश्त एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. साथ ही वन प्रबंधन एवं संरक्षण से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए.

# निर्विन्ध्या कॉलेज परिसर में रोपे 60 पौधे

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 14 जुलाई, का. एक पेड़ मां के नाम और एक पेड़ एक जिंदगी अभियान से प्रेरित होकर निर्विन्ध्या महाविद्यालय में पौधारोपण किया गया.**

पौधारोपण अभियान का नेतृत्व महाविद्यालय के संचालक कुलदीप सक्सेना एवं प्राचार्य डॉक्टर यशोवर्धिनी सक्सेना द्वारा किया गया. महाविद्यालय में प्रतिवर्ष विशाल पौधारोपण किया जाता है महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ के लोगों ने लगभग 50 से 60 पौधे लगाए एवं उनके संरक्षण का संकल्प लिया. राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मनीष भटनागर द्वारा लोगों से लगातार वृक्षारोपण करने की अपील की गई.



### वनों में अवैध कटाई और उत्खनन रोकेंगे

**राजगढ़ 14 जुलाई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में वन एवं वन्यजीव संरक्षण, वन अपराधों की रोकथाम तथा विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने संबंधी विषयों पर विस्तार से समीक्षा की गई. बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, वनमण्डलाधिकारी (सामान्य) वेणी प्रसाद दंडोतिया सहित पुलिस, वन एवं राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे.

# रायल हाईट्स में शिवलाल उत्कृष्टता सम्मान

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 14 जुलाई, सं. रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में शिवलाल उत्कृष्टता सम्मान-2026 का आयोजन किया गया.**




आयोजन में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सीईओ आरएस रघुवंशी, बिजली कंपनी के एई जीवन नायक, थाना प्रभारी हुकम सिंह मीणा एवं एसआई अरुण सिंह जाट उपस्थित रहे. इस अवसर पर बोर्ड परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली खुशबू पाटीदार, कृष्णपाल दांगी पिता छगनलाल दांगी, रिद्धिमा गुप्ता एवं रुद्राक्षी गुप्ता पिता सतीश गुप्ता का शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मान किया गया. शिवलाल एंड कंपनी की ओर से प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा खुशबू पाटीदार को 11,000 का चेक, पुस्तकें, स्कूल बैग एवं स्मृति चिन्ह दिया गया.

संस्था संचालक रणधीर सिंह ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ सफल एवं संस्कारित नागरिक बनाना है.कार्यक्रम में संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिंह, वरिष्ठ कॉर्डिनेटर पुष्कर पटेल, भोला सेन, दीपक भावसार, अरविंद बंसल, विनोद शर्मा, मुकेश शर्मा सहित शिक्षक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे.

### *ससुराल में अपडेट नहीं हो रही समग्र आईडी*

**राजगढ़ 14 जुलाई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जिले में गर्भवती महिलाओं की समग्र आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाने एवं शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई. समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि अनेक मामलों में विवाह संबंधी दस्तावेजों के अभाव में समग्र आईडी का अद्यतन नहीं हो पा रहा है. इस पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ऐसे प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करते हुए आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं एवं समग्र आईडी अपडेट कराने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें, ताकि हितग्राही महिलाओं को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके. बैठक में समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (बीएमओ) द्वारा संयुक्त रूप से कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई. बैठक में सभी विकासखंडों की स्थिति की जानकारी लेते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने तथा पात्र प्रत्येक गर्भवती महिला की समग्र आईडी समयबद्ध रूप से तैयार करने के निर्देश दिए गए. अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि राजस्व, स्वास्थ्य एवं सामाजिक न्याय विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य में गति लाएं तथा किसी भी पात्र हितग्राही का पंजीयन अथवा समग्र आईडी अद्यतन लंबित न रहे.


**संगठन** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

# संगठन की वास्तविक शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता है

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 14 जुलाई, का. भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार के एक दिवसीय राजगढ़ प्रवास ने जिले के संगठन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया.**

उनके मुख्य आतिथ्य में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठनात्मक मजबूती, बूथ सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता तथा जनसेवा को संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कार्यकर्ताओं को आगामी दायित्वों के लिए प्रेरित किया गया. सम्मेलन में बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया.



आयोजन में मुख्य अतिथि अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार एवं प्रदेश महामंत्री गणपत डाबी, जिला प्रभारी महेश हाडाजी, सहप्रशिक्षण प्रभारी गोपाल जाटव एवं किरण सूर्यवंशी शामिल हुए. सम्मेलन में मुख्य रूप से राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा, खिलचीपुर विधायक हजारी लाल दांगी मौजूद रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने की.

राज्य मंत्री गौतम टेटवाल और क्षेत्रीय विधायकों ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों पर प्रकाश डाला. जिला मीडिया प्रभारी महेश बामनिया ने बताया कि सम्मेलन में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलेभर से आए समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और हजारों निष्ठावान कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष विष्णु मालवीय ने सभी अतिथियों और पधारे हुए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया. इस मौके पर पूर्व महामंत्री रामचंद्र जलालिया, नपा प्रतिनिधि प्रवीण खटिक छापीहेड़ा, करेड़ी भाजपा मंडल महामंत्री शिव वर्मा, बाबूलाल वर्मा, नारायण प्रसाद जाटव, शैलेन्द्र मालवीय, श्यामबाबू वर्मा रामपुरिया, योगेश जाटव, मानसिंह भास्कर, सहित संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे.

अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायी संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और सेवा का सशक्त आंदोलन है. उन्होंने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता है और कार्यकर्ताओं की निष्ठा, अनुशासन तथा अथक परिश्रम के कारण ही भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनी है. प्रदेश अध्यक्ष ने विशेष रूप से अनुसूचित जाति समाज के बीच संगठन की पहुंच बढ़ाने, सामाजिक समरसता को मजबूत करने तथा सेवा कार्यों के माध्यम से समाज का विश्वास अर्जित करने पर बल दिया. उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति सत्ता के लिए नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार, राष्ट्रवाद और अंत्योदय के संकल्प के लिए समर्पित है.

### जिला स्तरीय स्टार्टअप कार्यशाला कल

**राजगढ़ 14 जुलाई, का.** स्टार्टअप इंडिया (डीपीआईआईटी) के तहत जिला प्रशासन एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा कल 16 जुलाई गुरुवार को प्रातः 10 बजे होटल संस्कृति राजगढ़ में एक दिवसीय स्टार्टअप कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा. कार्यशाला का उद्देश्य जिले के युवाओं, स्थानीय उद्यमियों, स्टार्टअप संस्थापकों, नवाचार के क्षेत्र में कार्यरत प्रतिभाओं तथा भावी उद्यमियों को स्टार्टअप इकोसिस्टम, नवाचार आधारित उद्यमिता एवं स्वरोजगार के नवीन अवसरों से परिचित कराना है. कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा स्टार्टअप इकोसिस्टम, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (त्द्ग्रु), केंद्र एवं राज्य शासन की स्टार्टअप प्रोत्साहन योजनाओं, एमएसएमई प्रोत्साहन, इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन, फंडिंग के विभिन्न स्रोतों, निवेश के अवसरों तथा व्यवसाय को नई ऊँचाइयों तक ले जाने संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया जाएगा.

### निर्विन्ध्या महाविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**ब्यावरा 14 जुलाई, का.** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी सीएलसी राउंड की समय सारणी के अनुसार निर्विन्ध्या महाविद्यालय में संचालित विभिन्न रोजगार आधारित पाठ्यक्रम जैसे LLB, BA.LLB, MSC BA, BSC, B.COM में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित है.

